

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

बुधवार 18 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 143 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

जीवन में समस्याओं का सामना इसलिए करना पड़ता है ताकि हम उन से लड़कर और भी मजबूती के साथ निखर कर आये

## घोड़ा कटोरा स्थित गंगाजी राजगृह जलाशय बनेगा प्रमुख पर्यटन स्थल, आठ बांधों के विकास की तैयारी

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट पटना, बिहार।** बिहार में पर्यटन को नई दिशा देने की दिशा में राज्य सरकार ने एक अहम पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत जल संसाधन विभाग ने राज्य के आठ प्रमुख बांध स्थलों एवं जलाशयों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की अनुशंसा की है। यह योजना केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय नीति के अनुरूप लागू की जाएगी। इस पहल से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रा. ेजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।



### उच्चस्तरीय संचालन समिति का गठन

डैम पर्यटन के समग्र विकास के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय संचालन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जल संसाधन विभाग को नोडल विभाग एवं सदस्य सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पर्यटन विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, ऊर्जा विभाग, गृह विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग को भी योजना से जोड़ा गया है। संचालन समिति के मार्गदर्शन में संबंधित विभाग विकास, संचालन एवं रखरखाव के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करेंगे। राष्ट्रीय नीति के तहत पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और आगंतुकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही नौकायन, प्राकृतिक भ्रमण एवं एडवेंचर गतिविधियों को भी बढ़ावा देने की योजना है।

### इन स्थलों को किया गया चिन्हित

जल संसाधन विभाग द्वारा जिन स्थलों को पर्यटन के रूप में विकसित करने की अनुशंसा की गई है, उनमें घोड़ा कटोरा स्थित गंगाजी राजगृह जलाशय, दुर्गावती जलाशय, वाल्मीकिनगर बराज, खड़गपुर झील, कुंडघाट जलाशय, गरही (अपर किउल) जलाशय, मोरवे जलाशय तथा ओढ़नी डैम एवं फुलवरिया डैम शामिल हैं। इन सभी स्थलों को पर्यावरण के अनुकूल पर्यटन सुविधाओं से सुसज्जित करने की योजना बनाई जा रही है।

### बौद्ध सर्किट के विकास पर भी जोर

इधर, बिहार के बौद्ध पर्यटन स्थलों के समग्र विकास को लेकर भी सरकार सक्रिय है। पर्यटन सचिव निलेश रामचंद्र देवरे ने बताया कि राजगीर, नालंदा, गया और बोधगया के समग्र विकास के लिए योजना तैयार की जा रही है। केंद्रीय बजट की घोषणा के अनुरूप कंसल्टेंट द्वारा विस्तृत योजना बनाई गई है, जिसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। एडीबी (एशियाई विकास बैंक) के प्रतिनिधियों ने भी बिहार के बौद्ध सर्किट में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं जताई हैं और इस संबंध में व्यवहारिक अध्ययन रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है। सरकार का मानना है कि इन बांध एवं जलाशय स्थलों के विकास से बिहार को राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर सशक्त पहचान मिलेगी। साथ ही होटल, परिवहन, हस्तशिल्प और अन्य स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सरकार की इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि आने वाले वर्षों में बिहार पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा।



## मुजफ्फरपुर में निगरानी की बड़ी कार्रवाई, 50 हजार रिश्वत लेते प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी गिरफ्तार

**केशववाणी मुजफ्फरपुर बिहार।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई (SVU) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी एवं उनके चालक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया हैं। गिरफ्तार किए गए अधिकारियों में हिमांशु कुमार (अनुमंडल कृषि पदाधिकारी सह प्रभारी जिला कृषि पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर) तथा उनके चालक रामबाबू राय शामिल हैं। जांच के नाम पर मांगी जा रही थी रिश्वतें मामले का खुलासा एक परिवादी की लिखित शिकायत के बाद हुआ। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि हिमांशु कुमार खाद दुकानों की जांच के नाम पर लाइसेंस रद्द करने की धमकी देकर 50 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत के अनुसार यह राशि उनके चालक रामबाबू राय के माध्यम से ली जानी थी। शिकायत मिलने के बाद SVU ने गोपनीय जांच और सत्यापन कराया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई की तैयारी की गई।

### छापेमारी कर रंगे हाथ पकड़ा

SVU के पुलिस उपाधीक्षक बिंदेश्वर प्रसाद एवं निगरानी डीएसपी सुधीर कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जैसे ही रिश्वत की राशि का लेन–देन शुरू हुआ, टीम ने तत्काल छा. पेमारी कर दोनों आरोपियों को 50 हजार रुपये के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

### पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि हिमांशु कुमार को हाल ही में जिला कृषि पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। इससे पूर्व मुजफ्फरपुर के तत्कालीन जिला कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार ठाकुर को दिसंबर 2025 में 19 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए निगरानी विभाग ने गिरफ्तार किया था। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से यह संकेत मिलता है कि निगरानी विभाग भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त रुख अपनाए हुए है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है।

## राजगीर–पटना के बीच शेरों का ऐतिहासिक आदान–प्रदान, वन्यजीव संरक्षण को नई मजबूती, राजगीर से पटना जू भेजे गये मादा शेरनी

### राजगीर जू सफारी और पटना जू के बीच शेरों का आदान–प्रदान, प्रजनन कार्यक्रम को मिलेगा बल

**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट।** राजगीर (नालंदा)। बिहार में वन्यजीव संरक्षण और वैज्ञ. ानिक प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजगीर जू सफारी और संजय गांधी जैविक उद्यान पटना के बीच शेरों के आदान–प्रदान का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है।

मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गयी है। यह पहल राज्य में वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में संस्थागत समन्वय और दूरदर्शी प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण मानी जा रही है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के दिशा–निर्देशों के अनुरूप 15 फरवरी 2026 को राजगीर जू सफारी से लगभग 13 माह आयु की दो स्वस्थ मादा शेरनियों को विधिवत रूप से पटना जू स्थान. ांतरित किया गया। स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों, वन क्षेत्र पदाधिकारियों और प्रशिक्षित एनिमल कीपरों की निगरानी में अत्यंत सावधानी और वैज्ञ. ानिक पद्धति से संपन्न हुई।

परिवहन के दौरान शेरनियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और आराम को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सभी आवश्यक चिकित्सीय प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित किया गया है। पटना पहुंचने के बाद दोनों शेरनियों को निर्धारित क्वारंटीन अवधि में रखा गया है। क्वारंटीन अवधि पूर्ण होने और स्वास्थ्य परीक्षण संतोषजनक पाए जाने के बाद उन्हें पर्यटकों के अवलोकन के लिए सुरक्षित इन्क्लोजर में स्थानांतरित किया जाएगा।



इसी क्रम में 15 फरवरी को ही पटना जू से लगभग सात वर्ष आयु की एक मादा शेर को राजगीर जू सफारी भेजा गया है। वर्तमान में उसे भी क्वारंटीन में रखा गया है। स्वास्थ्य परीक्षण और अनुकूलन प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात उसे भी पर्यटकों के लिए निर्धारित बाड़े में छोड़ा जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार यह आदान–प्रदान कार्यक्रम प्रजातियों की आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने, स्वस्थ प्रजनन कार्यक्रम को बढ़ावा देने तथा वैज्ञानिक प्रबंधन प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। इससे न केवल वन्यजीव संरक्षण को नई मजबूती मिलेगी, बल्कि राज्य के दोनों प्रमुख उद्यानों के बीच समन्वय भी और बेहतर होगा।

## नालंदा में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई 65 लीटर विदेशी शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** मद्यनिषेध विभाग, नालंदा द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध एक सुसंगठित एवं सफल कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई जिले में पूर्ण शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मामले में मद्यनिषेध विभाग की एसआई निधि को गुप्त सूचना मिली कि बिहार थाना क्षेत्र के देकुलीघाट गढ़पर मुहल्ला निवासी सूरज कुमार (पिता – स्वर्गीय देवानंद प्रसाद) अपने घर में अवैध शराब का भंडारण कर उसकी बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन एवं त्वरित कार्रवाई के लिए एसआई निधि के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल में अधीक्षक मद्यनिषेध, नालंदा स्वयं, एसआई पुष्पा कुमारी, एएसआई प्रियंका कुमारी, उत्पाद सिपाही एवं होमगार्ड के जवान शामिल थे।देकुलीघाट गढ़पर स्थित अभियुक्त के घर की तलाशी के दौरान किचन के ऊपर बने बॉक्स से अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। कुल 8 पेटी Officer*s Choice Whisky (180 एमएल) बरामद हुई, जिसमें कुल 361 बोतलें पाई गईं। बरामद शराब की कुल मात्रा 64.980 लीटर आंकी गई। छापामारी के दौरान आरोपी सूरज कुमार मौके से फरार हो गया। बाद में थाना लौटने के उपरांत पुनः गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अम्बेर मुहल्ला में मौजूद है। सूचना मिलते ही एसआई निधि ने अपनी टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए अम्बेर मुहल्ला पहुंचकर सूरज कुमार को सफलतापूर्वक गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है। मद्यनिषेध विभाग, नालंदा ने आम नागरिकों से अपील की है कि कहीं भी अवैध शराब के निर्माण, भंडारण या बिक्री की सूचना मिले तो तत्काल विभाग को सूचित करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




# नालंदा में बोर्ड परीक्षाओं का महाआगाज: 49 केंद्रों पर 51,524 परीक्षार्थी, लेट आने वालों पर सख्ती और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था







**केशववाणी** । शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)। जिले में मंगलवार से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक परीक्षा तथा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं एक साथ प्रारंभ हो गईं। दोनों बोर्ड की परीक्षाओं को मिलाकर जिले में कुल 49 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 51,524 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। पहली पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

### लेट पहुंचने वालों पर सख्ती

परीक्षा के पहले ही दिन प्रशासन की सख्ती देखने को मिली। नालंदा कॉलेज केंद्र पर देरी से पहुंचने के कारण पांच छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं एसएस बालिका उच्च विद्यालय केंद्र पर लेट से पहुंचने पर एक वीक्षक को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं मिली। सुबह ठीक 9 बजे गेट बंद कर दिए गए, जिसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिला। एसएस बालिका उच्च विद्यालय के बाहर एक छात्रा को एंट्री नहीं मिलने पर कुछ देर के लिए हंगामा की स्थिति उत्पन्न हो गई। सुरक्षा बलों की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित किया गया। कई छात्राएं बिना जूता–चप्पल के परीक्षा देने पहुंचीं। सघन जांच के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया गया। मैट्रिक परीक्षा के लिए जिले के 36 केंद्रों पर कुल 45,324 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें 23,026 छात्र और 22,192 छात्राएं हैं। छात्रों के लिए 21 और छात्राओं के लिए 15 अलग–अलग केंद्र निर्धारित किए गए हैं।पहली पाली सुबह 9 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर 1:30 बजे प्रारंभ होती है। निर्धारित समय के बाद किसी भी परिस्थिति में परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले वीक्षकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### चार 'आदर्श केंद्र' पूरी तरह महिला कर्मियों के जिम्मे

जिले के बिहारशरीफ, राजगीर और हिलसा में चार 'आदर्श परीक्षा केंद्र' स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर केंद्राधीक्षक, वीक्षक और सुरक्षाकर्मी सहित सभी पदों पर केवल महिलाओं की तैनाती की गई है। प्रशासन का कहना है कि इस पहल से परीक्षा संचालन में पारदर्शिता और सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

### परीक्षार्थियों के लिए दिशा–निर्देश

परीक्षार्थियों को केवल पारदर्शी पानी की बोतल, एडमिट कार्ड और ब्लू या ब्लैक पेन ले जाने की अनुमति है।

मधुमेह (डायबिटीज) से पीड़ित छात्रों को मानवीय आधार पर राहत देते हुए डॉक्टर की पर्ची के साथ आवश्यक दवा और हल्का भोजन ले जाने की छूट दी गई है।

### कड़ी निगरानी में परीक्षा संचालन

परीक्षा को निष्पक्ष और कदाचारमुक्त बनाने के लिए 78 स्टैटिक दंडाधिकारी, 18 गश्ती दल, 8 जोनल और 5 सुपर जोनल दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। सभी अधिकारी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप रहे हैं।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक सतर्कता के बीच जिले में बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से हुई।



# राजस्व विभाग में अनियमितता पर डीएम सख्त पांच कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट। बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले में राजस्व विभाग की कार्यशैली पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कुंदन कुमार द्वारा की गई समीक्षा बैठक में अस्थावाँ अंचल से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया, जिसमें नियमों की अनदेखी करते हुए दाखिल–खारिज वाद में विरोधाभासी अनुशंसा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि अस्थावाँ अंचल के पांच राजस्व कर्मचारियों. श्री कृष्णदेव कुमार, श्री मनोज कुमार, फलेन्द्र कुमार, सूरज कुमार रजक एवं दीपक कुमारकृने एक ही दस्तावेज पर पहले दाखिल–खारिज वाद को अस्वीकृत करने की अनुशंसा की। बाद में बिना सक्षम पदाधिकारी के आदेश के उसी दस्तावेज पर वाद को स्वीकृत करने की अनुशंसा कर दी गई। इस प्रक्रिया को प्रशासन ने गंभीर अनियमितता माना है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित पांचों कर्मचारियों के विरुद्ध प्रपत्र 'क' का गठन कर विभागीय कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। प्रशासनिक सख्ती के इस फैसले से राजस्व विभाग में हलचल मच गई है।समीक्षा बैठक में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऐसे सभी मामलों को चिन्हित किया जाए, जहां राजस्व कर्मचारी जानबूझकर कार्यों में देरी या टालमटोल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि परिमार्जन और दाखिल–खारिज से जुड़े मामलों में यदि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है, तो उन मामलों की जांच कर त्वरित कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार के सातवें निश्चय "सबका सम्मान. जीवन आसान" के तहत आम जनता को पारदर्शी और सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी सरकारी कर्मी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करता है या जनता को परेशान करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मैट्रिक परीक्षा–2026 को लेकर डीएम–एसपी का संयुक्त निरीक्षण, कदाचारमुक्त संचालन पर जोर



**केशववाणी** शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।। मैट्रिक परीक्षा–2026 के सुचारु, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नालंदा के जिला. धिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री भारत सोनी ने बिहारशरीफ शहरी क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने एस०एस० बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिहारशरीफ तथा नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ स्थित परीक्षा केंद्रों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों की साफ–सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों की स्थिति को स्वयं देखा और आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने केंद्राधीक्षकों एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा जारी सभी दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संयुक्त निरीक्षण से परीक्षा केंद्रों पर प्रशासनिक सतर्कता और सख्ती का स्पष्ट संदेश गया है।

# नालंदा खुला विश्वविद्यालय में 'ग्रेजुएट इम्प्लॉयबिलिटी' पर त्रिदिवसीय कार्यशाला शुरू




**केशववाणी राजीव लोचन की रिपोर्ट बिहार।** नालंदा खुला विश्वविद्यालय में मंगलवार, 17 फरवरी 2026 से 'ग्रेजुएट इम्प्लॉयबिलिटी' विषय पर त्रिदिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। यह कार्यशाला 17, 18 और 19 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. किरण पाण्डेय ने किया। कुलसचिव प्रो. अभय कुमार सिंह ने अपने संबा. `धन में कहा कि विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी केवल शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विद्यार्थियों की पढ़ाई उन्हें रोजगार प्राप्त करने में सहायक बने। कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार ने कहा कि वे पिछले 40–42 वर्षों से शिक्षा जगत से जुड़े हैं और हमेशा यह प्रयास रहा है कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ रोजगार भी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को ऐसे पाठ्यक्रम तैयार करने चाहिए, जिनसे शिक्षार्थियों को व्यावहारिक लाभ मिले और वे रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकें।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय 'उन्नत भारत' कार्यक्रम के अंतर्गत आसपास के पांच गांवों को गोद लेकर समाज में जागरूकता और आत्म. निर्भरता को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षा का स्तर रोजगारोन्मुखी है, उसी प्रकार अन्य विश्वविद्यालयों को भी अपने पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण व्यवस्था को सशक्त बनाना चाहिए। कार्यशाला से ऑनलाइन जुड़े डॉ. बी. शैडरक, डायरेक्टर कोल सेमका ने कुलपति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम को रोजगारपरक बनाने के ग्रेजुएट इम्प्लॉयबिलिटी की सलाहकार डॉ. विद्या एम. अय्यर ने विश्वविद्यालय को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में विभिन्न कौशलों का विकास करना समय की मांग है, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उद्योगों के लिए तैयार हो सकें। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. अमरनाथ पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यशाला विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगी। अंत में डॉ. पल्लवी ने कुलपति, कुलसचिव, मीडिया प्रतिनिधियों, प्रतिभागी शिक्षकों, शिक्षार्थियों एवं शिक्षकेतर कर्मियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यशाला में बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों के शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इनमें पूर्णिया विश्वविद्यालय, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय सहित नालंदा खुला विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्रों से जुड़े शिक्षक भी उप. स्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. साजिदा अंजुम, मेधा चौहान, हिमानी सिंह, डॉ. श्याम किशोर सिंह, डॉ. महजबी प्रवीन, डॉ. अमृता कुमारी, डॉ. श्रवण कुमार, आफताब अहमद, सरफराज आलम सहित कई शिक्षकों ने भाग लिया। इसके अलावा रवि कुमार, नाशित इमाम, अमर कुमार, संजय कुमार, मुकेश कुमार गौरव, पवन कुमार और अर्जुन प्रसाद भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से विश्वविद्यालय का लक्ष्य शिक्षा को रोजगार से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाना है।



# नालंदा में भीषण सड़क हादसा: डिवाइडर से टकराई कार, तीन चचेरे भाइयों की मौत, एक गंभीर

**केशववाणी** । शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)। नालंदा जिले के तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार अहले सुबह एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। एकंगरसराय–जहानाबाद मुख्य मार्ग पर कठार पुल के समीप तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में कार सवार तीन चचेरे भाइयों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दो युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि तीसरे युवक की मौत पटना ले जाने के दौरान रास्ते में हो गई।



मृतकों की पहचान जहानाबाद जिले के जह. ानाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत टेनी बीघा गांव निवासी सोनू कुमार (21 वर्ष), रोहित कुमार (22 वर्ष) और उद्देश्य कुमार (18 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों आपस में चचेरे भाई थे। घायल युवक सूरज को गंभीर अवस्था में पटना स्थित पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (PMCH) में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही टेनी बीघा गांव में कोहराम मच गया और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। मृतक सोनू के बड़े भाई सुनील कुमार ने बताया कि सभी युवक मसौढ़ी में एक मित्र की बहन के तिलक समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।

मंगलवार की सुबह कठार पुल के पास सामने से आ रही एक गाड़ी ने अचानक चकमा दे दिया। इससे चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधे डिवाइडर से जा टकराई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत–बचाव कार्य शुरू किया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार टिंकू ने बताया कि प्रथम दृष्टया सामने से आ रही गाड़ी के कारण कार अनियंत्रित हुई। दो युवकों की मौत मौके पर ही हो गई थी, जबकि तीसरे ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ स्थित मॉडल (सदर) अस्पताल भेज दिया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# सरथा में भव्य एवं विशाल भंडारा का आयोजन 3500 श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

**केशववाणी** । राकेश पासवान की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)। स्थानीय प्रखंड के सरथा गांव स्थित महादेव स्थान मंदिर परिसर में मंगलवार को भव्य एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा दोपहर दो बजे से शुरू हुआ, जिसमें देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। धार्मिक अनुष्ठान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सिंह ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कई अन्य जनप्र. तिनिधि एवं समाजसेवी भी आयोजन में शामिल हुए। ग्रामीणों मुकेश कुमार, पांचाली पांडे, अनिरुद्ध सिंह, संतोष कुमार, आनंद कुमार, धीरज एवं प्रमोद समेत अन्य ने बताया कि आध्यात्मिक माहौल, सकारात्मक ऊर्जा, सुख–समृद्धि और गांव में शांति बनाए रखने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर चार दिवसीय ध. ार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ इसका समापन हुआ।आयोजकों के अनुसार, करीब 3500 श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी और हलुआ ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन श्रद्धा, सेवा और संस्कृति का अद्भुत संगम रहा, जिसने सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम की सफलता में सरथा गांव के कई कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही। यह आयोजन क्षेत्र में आस्था और सामाजिक समरसता का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आया।

# स्टार्टअप–नालंदा को गति देने के लिए डीएम की पहल, उद्यमियों संग हुई महत्वपूर्ण बैठक

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट।** बिहारशरीफी (नालंदा)। जिले में उद्योग एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से Startup–Nalanda के तहत समाहरणालय स्थित न्यू NIC मीटिंग रूम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कुंदन कुमार, जिला पदाधिकारी, नालंदा ने की। बैठक की शुरुआत महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, नालंदा द्वारा जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त तथा उपस्थित उद्यमियों के स्वागत के साथ हुई। उद्यमियों ने साझा किए अपने स्टार्टअप मॉडल जिलाधिकारी ने क्रमवार सभी उद्यमियों से उनके स्टार्टअप एवं व्यवसायिक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे उद्यमियों ने अपने अनुभव और उपलब्धियां साझा कीं। संजय कुमार ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से नेचुरल पेंट (गोबर आधारित पेंट) का व्यवसाय कर रहे हैं। प्रवीण कुमार Deep Valley EMA LLP के माध्यम से ई–व्हीकल बैटरी निर्माण का कार्य कर रहे हैं। अविनाश कुमार सैनिटरी नैपकिन का उत्पादन कर रहे हैं, जबकि विशाल चौधरी सिनेमा एवं डिजाइन स्टूडियो का संचालन कर रहे हैं। रितिका चंद्र फैशन डिजाइन एवं गारमेंट्स निर्माण के क्षेत्र में कार्यरत हैं। विनोद कुमार कुल्हड़ टी कप का उत्पादन कर रहे हैं। प्रशांत कुमार ने इस्लामपुर में इलेक्ट्रिक पोल निर्माण प्लांट स्थ. ापित किया है। शिशुपाल कुमार चंडी में मॉड्यूलर फर्नीचर का व्यवसाय संचालित कर रहे हैं। सरमेरा में नैपियर घास से कैटल फीड निर्माण, राजगीर में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत फ्लेक्स प्रिंटिंग, सिलाव में मूर्ति निर्माण, एकंगरसराय में मशरूम उत्पादन (बिहार स्टार्टअप पॉलिसी के तहत 4 लाख रुपये की सीड फंडिंग) तथा इंटीग्रेटेड एग्री फार्मिंग जैसे नवाचार भी बैठक में प्रस्तुत किए गए।




**'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' पर जोर**

बैठक में Ease of Doing Business के अंतर्गत विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। जिला. धिकारी ने कोविड–19 काल का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रवासी श्रमिकों की स्किल मैपिंग कर Chanpatia Startup Zone का गठन किया गया, जो बाद में पूरे राज्य के लिए रोल मॉडल साबित हुआ।

**सरकार का पूरा सहयोग**

जिलाधिकारी ने सभी उद्यमियों को आश्वस्त किया कि बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि के साथ–साथ उद्योग को बढ़ावा देकर अधिक से अधिक रोजगार सृजन करना सरकार का मुख्य उद्देश्य है। उद्यमियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने हुनर का बेहतर उपयोग कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नालंदा जिले का नाम रोशन करें। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त नगर निगम बिहारशरीफ, डीपीएम जीविका, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित जिला उद्योग केंद्र के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।




# चलती बाइक पर रील बनाना पड़ा भारी, अनियंत्रित होकर गिरी बाइक-दो युवतियों समेत चार गंभीर घायल

**केशववाणी** । गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)। सोहसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम पेट्रोल पंप के समीप सोशल मीडिया के लिए रील बनाने के दौरान एक बाइक अनियंत्रित हो गई, जिससे उस पर सवार दो युवतियों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी युवक–युवतियां पटना और वैशाली जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे बख्तियारपुर–रजौली मुख्य सड़क मार्ग पर चलती बाइक से रील बना रहे थे। इसी दौरान बाइक चालक संतुलन खो बैठा, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर करीब 250 मीटर दूर जा गिरा। हादसे में सभी सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घायलों की पहचान की पुष्टि करने और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि चलती गाड़ी पर इस तरह स्टंट और वीडियो बनाना बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। पुलिस ने भी लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और इस प्रकार की लापरवाही से बचने की अपील की है।

# खाजा दुकान कर्मी को मार-मार किया जख्मी इलाज के दौरान हुई मौत,परिजन ने लगाया दुकानदार पर हत्या का आरोप

**केशववाणी** । राजीव लोचन की रिपोर्ट, राजगीर (नालंदा)। सिलाव बायपास स्थित हीरा खाजा भंडार दुकान में काम करने वाले कर्मी का इलाज के दौरान सोमवार की रात पावापुरी बीम्स में मौत हो गया।मृतक कर्मी के परिजनों ने खाजा दुकानदार को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज किया है।मृतक कर्मी की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के बदौनी निवासी उदल राम के 44 वर्षीय बिंदु प्रसाद के रूप में किया गया है।घटना की जानकारी प्राप्त होने पर सिलाव पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं मामले को रफा दफा करने के लिए खाजा दुकानदार के द्वारा थाना परिसर में ही मृतक के परिजन पर दवाव बनाते हुए 03 लाख रुपये देने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि कर्मी के साथ खाजा दुकानदार ने बहुत ही अमानवीय रूप से अपने पुत्रों और सहयोगियों के साथ मिलकर बीते 7 फरवरी को जमकर मारपीट किया था,गंभीर हालत में कर्मी जान बचाकर वह पास सीमा गांव अपने साढ़ू के पास चला गया,स्थिति बिगड़ते देख उसे 12 फरवरी को पैतृक गांव बदौनी ले जाया गया,जहां से परिजन इलाज हेतु पावापुरी बीम्स में भर्ती कराया था। मृतक के पत्नी पूजा देवी एवं बहन प्रतिमा देवी ने बताया कि हीरा खाजा भंडार सिलाव में करीब तीन साल से काम करते थे, पूजा ने बताई की पति ने बताया कि मेरा कोई दोष नहीं था लेकिन मुझे जान मारने की नियत



खाजा भंडार के संचालक पुत्र ने तीन चार लोगों के साथ मिलकर गर्म झंझरे से जमकर पीटा।बहन प्रतिमा ने बताया कि अब खाजा दुकानदार 03 लाख रुपये की प्रलोभन देते हुए हमलोगों पर दवाव बना रहा कि मामले को रफा दफा कर लो। इस मामले में डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी के बाद ही पुलिस मामले की तहकीकात शुरू कर दी है, शव को पोस्टमार्टम करवा दी गई है, मृतक के शरीर पर मारपीट का निशान और कूल्हे का हड्डी टूटी पाई गई है ,जिससे साफ जाहिर है कि कर्मी को अमानवीय तरीक़े से मारपीट की गई है।इस मामले में जो भी दोषी हैं उन सभी के ऊपर हत्या का मामला दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश सिलाव थाना अध्यक्ष को दे दिया गया है।

# आजीवन कारावास के फैसले के खिलाफ भाकपा माले का प्रतिवाद सभा, सरकार पर लगाया राजनीतिक साजिश का आरोप

**केशववाणी** । अमर वर्मा की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) नालंदा जिला इकाई की ओर से राज्य कमेटी सदस्य एवं इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) बिहार प्रदेश अध्यक्ष कामरेड जितेंद्र पासवान तथा अन्य साथियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा के विरोध में प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया। प्रतिवाद सभा का नेतृत्व भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य एवं नालंदा जिला सचिव सुरेंद्र राम ने किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जितेंद्र पासवान गरीबों, मजदूरों, किसानों और छात्र–नौजवानों की आवाज बुलंद करने वाले एक मुखर नेता रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीबों की आवाज को दबाने के उद्देश्य से सोची–समझी साजिश के तहत उन्हें और अन्य साथियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। सुरेंद्र राम ने यह भी कहा कि पूरा मामला जदयू मंत्री सुनील कुमार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2020 के गोपालगंज के भोरे विधानसभा चुनाव में राजनीतिक साजिश के तहत जितेंद्र पासवान को निशाना बनाया गया। उनका दावा था कि मामले में हत्या का कोई ठोस साक्ष्य नहीं है, जबकि कई निर्दोष



कार्यकर्ता पहले से सजा काट रहे हैं। वहीं इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के राज्य सह सचिव बिरेश कुमार ने कहा कि कामरेड मनोज मंजिल के बाद अब जितेंद्र पासवान को फंसाया जाना विपक्ष की आवाज को दबाने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा–जदयू गठबंधन विपक्ष रहित बिहार और विपक्ष रहित भारत की राजनीति कर रहा है। सभा में भाकपा माले नूरसराय प्रभारी मकसूदन शर्मा, वेन प्रभारी महेंद्र प्रसाद, बिहारशरीफ प्रभारी सुनील कुमार, बाढ़न पासवान, जिला कमेटी सदस्य अनिल पटेल एवं रेणु देवी, तथा सिलाव प्रभारी रामाधीन प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के माध्यम से पार्टी नेताओं ने फैसले की न्यायिक पुनर्समीक्षा की मांग करते हुए आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

# राजगीर के पास अफीम की खेती हुई नष्ट, कार्रवाई में जुटा प्रशासन

**केशववाणी** । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। राजगीर (नालंदा)। राजगीर थाना क्षेत्र के नाहुब गांव के चवर में अवैध रूप से की जा रही पोस्तादाना (अफीम) की खेती को मंगलवार को प्रशासन ने विनष्ट कर दिया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि राजगीर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली थी कि नाहुब गांव के चवर में सरसों के खेत के बीच पोस्तादाना की खेती की गई है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। टीम में अंचलाधिकारी अनुज कुमार, थानाध्यक्ष रमण कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया तो पाया कि लगभग एक बिघा भूमि तथा आसपास के छोटे–छोटे प्लॉटों में अवैध रूप से अफीम की खेती की गई है। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी को दंडाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त करते हुए विधिवत जप्त प्रदर्श का नमूना लिया गया और पूरी फसल को नियमानुसार नष्ट कर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध मादक पदार्थों की खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अफीम की खेती करने वाले किसानों की पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। छापामारी दल में एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता, डीएसपी सुनील कुमार सिंह, सीओ अनुज कुमार, थानाध्यक्ष रमण कुमार, पुअनि पप्पू कुमार, भानु कुमार सहित अन्य पुलिस बल शामिल रहे।



# जननायक कर्पूरी ठाकुर की ३८वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**केशववाणी।** बिहारशरीफ (नालंदा)। बिहारशरीफ आनंद मार्ग ब्लॉक चौक पर अतिपिछड़ा/दलित/अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में भारत रत्न एवं जननायक कर्पूरी ठाकुर की 38वीं पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए और उनके विचारों को याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर स्वतंत्रता सेनानी, दूरदर्शी राजनेता और किसानों, महिलाओं तथा समाज के वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अग्रणी व्यक्तित्व थे। 'जननायक' के रूप में प्रसिद्ध कर्पूरी ठाकुर ने अपना संपूर्ण सार्वजनिक जीवन गरीबों, पिछड़ों और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के सशक्तिकरण को समर्पित किया। उन्होंने स्वतंत्र भारत में सामान्य वर्ग की महिलाओं और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सकारात्मक पहल की शुरुआत की। कर्पूरी ठाकुर का जन्म 24 जनवरी 1924 को बिहार के समस्तीपुर जिले के पितौंझिया (अब कर्पूरी ग्राम) में हुआ था। वे सामाजिक रूप से पिछड़े नाई समुदाय से आते थे। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा प्राप्त की और छात्र जीवन से ही सामाजिक चेतना के कार्यों में सक्रिय रहे।वे 1952 से 1988 तक लगातार विधायक रहे और 1977 में सांसद भी चुने गए। अपने राजनीतिक जीवन में उन्होंने पिछड़ा वर्ग आरक्षण, मैट्रिक तक निःशुल्क शिक्षा, उर्दू को दूसरी राजभाषा का दर्जा, सरकारी कामकाज में हिंदी को बढ़ावा, अंत्योदय योजना की शुरुआत, वृद्धावस्था पेंशन योजना लागू करने और शराबबंदी जैसे ऐतिहासिक फैसले लिए। मुंगेरीलाल आयोग की सिफारिशों को लागू कर उन्होंने बिहार में 12 प्रतिशत अतिपिछड़ा वर्ग और 8 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिलाया।डॉ. भीमराव अंबेडकर संघर्ष विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल पासवान ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सादगी और ईमानदारी के प्रतीक थे। वे साधारण धोती–कुर्ता पहनते थे और आम लोगों के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझते थे।1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भागीदारी के कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। 17 फरवरी 1988 को उनका निधन हो गया, लेकिन वे आज भी सामाजिक न्याय के सबसे बड़े प्रतीकों में गिने जाते हैं। 23 जनवरी 2024 को भारत सरकार ने उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला महासचिव उमेश पंडित, फुटपाथ संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव महेंद्र प्रसाद, सोमनाथ कुमार, पप्पू प्रसाद, शिव पासवान, अवधेश प्रसाद, जोगेंद्र पासवान, सहदेव साव, रवि रंजन कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने जननायक के बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक न्याय की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# बिजली चोरी करते एक पकड़ाया

**केशववाणी** । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। राजगीर (नालंदा)। बिजली चोरी के खिलाफ विद्युत विभाग के एसटीएफ छापामार दल द्वारा मंगलवार को राजगीर में विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के गुलजारबाग निवासी अरविंद पंडित को कथित रूप से बिजली चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। उनके खिलाफ 7,96,660 रुपये बिजली चोरी करने के राजगीर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई। छापेमारी दल में विद्युत अधीक्षण अभियंता (एसटीएफ) कुमार प्रशांत, विद्युत कार्यपालक अभियंता आशीष कुमार सिंह, कनीय विद्युत अभियंता विद्यासागर, तकनीकी कर्मी राकेश कुमार और आयुष कुमार सहित अन्य कर्मी एवं मानवबल शामिल थे। कार्यपालक विद्युत अभियंता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने अरविंद पंडित, पिता स्व. चंद्रिका पंडित के गैर–घरेलू परिसर में जांच की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर में पूर्व से विद्युत कनेक्शन स्थापित है। स्मार्ट मीटर पर 11,983 रुपये की बकाया राशि दर्ज है। जांच में खुलासा हुआ कि स्मार्ट मीटर के मुख्य सर्विस वायर के अतिरिक्त एक अन्य पीवीसी तार को विभागीय एलटी एबी केबल से जोड़कर मीटर को बायपास किया गया है। इस अवैध कनेक्शन के माध्यम से चार्जिंग एवं अन्य व्यावसायिक कार्यों के लिए बिजली का उपयोग किया जा रहा है। परिसर का कुल संयोजित विद्युत भार 16.08 केवीए पाया गया है। विभागीय आकलन के अनुसार इस अवैध उपभोग से साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को 7,84,677 रुपये की राजस्व क्षति हुई है। बकाया राशि सहित कुल देय 7,96,660 रुपये निर्धारित किया गया है, जो कंपाउंडिंग शुल्क से अलग है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

भारत के टॉप प्राईवेट यूनिवर्सिटी में शिक्षा के लिए करें आवेदन
अपने करियर को दे नई उड़ान......
1. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त
2. बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध
ENGINEERING | MEDICAL | MANAGEMENT | B.Ed
PHARMACY | AGRICULTURE | B.Sc NURSSING
COMPUTER APPLICATION | B.Sc, B.Com, B.A. M.Sc.
M.Com, M.A., PHd
आवेदन के लिए संपर्क करें
& OTHER COURSES
अमर वर्मा
संपर्क :- 8210335159
ग्राम देवधा निकट पावापुरी रोड, स्टेशन, बिहार शरीफ (नालन्दा)

Play group to 10th CBSE Circulam
Estd. 2009
Aff. No. - 20140018
BAL BHARTI PUBLIC SCHOOL
(A unit of Bal Bharti Educational & welfare society Regd.)
An English medium Day-cum Residential
Call Now -9473489614